भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1603**

21 दिसम्बर, 2022 को उत्तरार्थ

## परिसमाप्त की गई सहकारी संस्थाएं / बैंक

**1603 डा. वी. शिवादासनः**

क्या ***सहकारिता*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों में कितनी सहकारी संस्थाओं को परिसमाप्त किया गया है या परिसमाप्त की जानी हैं, तत्संबंधी राज्य-वार और वर्ष-वार आंकड़ा क्या है;

(ख) विगत पांच वर्षों में कितने सहकारी बैंकों को परिसमाप्त किया गया है या परिसमाप्त किए जाने हैं, तत्संबंधी राज्य-वार और वर्ष-वार आंकड़ा क्या है; और

(ग) विगत पांच वर्षों में सहकारी क्षेत्र के लिए केंद्रीय बजट में कितना आवंटन किया गया और विगत पांच वर्षों के बजट प्राक्कलन (बीई) और संशोधित अनुमानों (आरई) सहित तत्संबंधी वर्ष-वार आंकड़ा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क) और (ख): सबंधित राज्य सहकारी समिति अधिनियम के अधीन पंजीकृत सहकारी बैंकों सहित सहकारी समितियों की सूचना तथा उनके परिसमापन का ब्यौरा संबंधित राज्य के सहकारी समितियों के पंजीयक द्वारा अनुरक्षित किया जाता है । ऐसे बहुराज्य सहकारी बैंकों सहित बहुराज्य सहकारी समितियाँ, जो कि विगत पांच वर्षों में परिसमापन के अधीन हैं**,** उनका राज्य-वार और वर्ष-वार विवरण अनुबंध में दर्शाया गया है ।

(ग): कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में कृषि सहयोग पर एकीकृत योजना के अधीन वर्ष-वार बजट प्राक्कलन (बीई) और संशोधित अनुमानों (आरई) सहित बजट आवंटन का ब्यौरा निम्नानुसार था:

(करोड़ रुपए)

| वर्ष | (बीई) | (आरई) |
|---|---|---|
| 2017-18 | 130.00 | 230.00 |
| 2018-19 | 130.00 | 144.68 |
| 2019-20 | 85.00 | 140.00 |
| 2020-21 | 400.00 | 350.00 |
| 2021-22 | 373.00 | 373.00 |

सहकारिता मंत्रालय की स्थापना दिनांक 6 जुलाई, 2021 को हुई थी और वित्तीय वर्ष 2022-23 में मंत्रालय को 900 करोड़ रुपए का बजट आवंटन (बीई) किया गया ।

**अनुबंध**

**विगत पांच वर्षों के दौरान परिसमापन के अधीन बहुराज्य सहकारी समितियों की राज्य-वार एवं वर्ष-वार संख्या की सूची:**

| **राज्य का नाम** | **2018 तक** | **2019 तक** | **2020 तक** | **2021 तक** | **15 दिसम्बर, 2022 तक** |
|---|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 4 | 7 | 11 |
| गुजरात | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| झारखंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| महाराष्ट्र | 10 | 10 | 12 | 12 | 13 |
| ओडिशा | 11 | 11 | 11 | 11 | 11 |
| पंजाब | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| राजस्थान | 3 | 8 | 9 | 11 | 15 |
| तमिल नाडु | 1 | 2 | 3 | 3 | 3 |
| तेलंगाना | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 |
| उत्तर प्रदेश | 0 | 5 | 5 | 9 | 9 |
| चंडीगढ़ संघ राज्यक्षेत्र | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| **कुल** | **32** | **44** | **50** | **61** | **71** |

**विगत पांच वर्षों के दौरान परिसमापन के अधीन बहुराज्य सहकारी बैंकों की राज्य-वार एवं वर्ष-वार संख्या की सूची:**

| **राज्य का नाम** | **2018 तक** | **2019 तक** | **2020 तक** | **2021 तक** | **15 दिसम्बर, 2022 तक** |
|---|---|---|---|---|---|
| गोवा | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 |
| गुजरात | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| महाराष्ट्र | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| **कुल** | **5** | **5** | **5** | **5** | **5** |